प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत किय गए प्रशिक्षण कार्यक्रम

पंतनगर। 27 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना, वस्त्र एवं परिधान विभाग, द्वारा भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'डिजाइन नवीनीकरण द्वारा उत्पाद मूल्य संवर्धन' विषय पर विकास खण्ड, खेड़ा गाँव हल्द्वानी के मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं हेतु पांच–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डा. मनीषा गहलौत के निंदेशन में डा. पूजा भट्‌ट एवं डा. बीनू सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान समय में इस प्रशिक्षण के विषय के महत्व एवं सार्थकता के बारे में बताया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को उत्पादों में नए तरह के डिजाइन द्वारा किस तरह से अत्यधिक मूल्य प्राप्त किया जा सके की जानकारी दी गयी एवं प्रशिक्षणार्थियों को उत्पादों को कलात्मक ढंग से सजाने एवं तरह–तरह की सजावटी वस्तुएं बनानी भी सिखाई गई। इसके अतिरिक्त छपाई के साथ उत्पाद की सुंदरता बढ़ाने के लिए हाथ की कढ़ाई के बारे में भी सिखाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खेड़ा गाँव की 20 महिलाओं एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया गया।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को छपाई के गुर सिखाते वैज्ञानिक।